## अभ्यास पत्रक

## 8. सत्रिया और बिहू नृत्य (जया मेहता)

नाम :- ............ कक्षा :- ........... अवधि :- .............. अनुक्रमांक :- ........ प्राप्तांक :- .......

### मेरी समझ से

**1. (क) नीचे दिए गए प्रश्नों का सटीक उत्तर कौन-सा है उसके सामने तारा (☆) बनाइए** 2

(1) माँ एलेसेंडा के बारे में कौन-सा कथन सत्य है?

- वे असम के जीवन के बारे में बहुत कुछ जानती थीं।
- उन्हें असम, बिहू और सत्रिया नृत्य से बहुत प्रेम था।
- उन्होंने एंजेला को कुछ असमिया शब्द भी सिखाए।
- वे अपने कार्य में सहायता के लिए बेटी को लाई थीं।

(2) "अनु और एंजेला ने तुरंत एक-दूसरे की तरफ देखा।" क्यों?

- अनु के पास खिलौने थे।
- दोनों की आयु एक-समान थी।
- दोनों को अंग्रेज़ी भाषा आती थी।
- एंजेला अनु से असमिया भाषा सीखना चाहती थी।

### मिलकर करें मिलान 6

2. स्तम्भ 1 और स्तम्भ 2 में कुछ पंक्तियाँ दी गई हैं। मिलते-जुलते भाव वाली पंक्तियों को रेखा खींचकर जोड़िए-

| स्तम्भ-1 | स्तम्भ-2 |
|---|---|
| 1. सत्र | 1. ग्रेगरी कैलेंडर के अनुसार 1 जनवरी 1901 से 31 दिसम्बर 2000 तक का समय। |
| 2. बोहाग बिहू | 2. 'यूनाइटेड किंगडम' और 'इंग्लैण्ड' की राजधानी। |
| 3. लंदन | 3. 'यूनाइटेड किंगडम' देश की एक सरकारी संस्था। |
| 4. गुवाहटी | 4. असम में मनाया जाने वाला एक त्योहार। यह असम में नए साल की शुरुआत और वसंत के आगमन का प्रतीक है। |
| 5. ब्रिटिश अकादमी | 5. भारत के असम राज्य का एक प्राचीन और सबसे बड़ा नगर है। |
| 6. बीसवीं शताब्दी | 6. ये असम के मठ हैं। इनकी संख्या पाँच सौ से भी ज्यादा है। ये पूजा-पाठ और धार्मिक गतिविधियों के स्थान हैं। सत्रिया नृत्य की उत्पत्ति इन्हीं सत्रों में हुई है। |

### पंक्तियों पर चर्चा 4

3. पाठ में से चुनकर कुछ पंक्तियाँ नीचे दी गई हैं। इन्हें ध्यान से पढ़िए और इन पर विचार कीजिए। आपको इनका क्या अर्थ समझ में आया ?

(क) असम भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्र में है जिसे अपने वन्य जीवन रेशम और चाय के बागानों के लिए जाना जाता है। इसके साथ असम में नृत्य की भी एक समृद्ध परम्परा है।"

उत्तर-

(ख) "पूरी दुनिया की संस्कृतियों में लोग नृत्य और संगीत से अपनी भावनाओं को व्यक्त करते हैं।"

उत्तर-

**सोच-विचार के लिए**

4. निबंध को एक बार फिर से पढ़िए और निम्नलिखित के बारे में पता लगाकर अपनी लेखन पुस्तिका में लिखिए -

(क) "एंजेला के मन में कई तरह के विचार चल रहे थे।" उसके मन में कौन-कौन से विचार चल रहे होंगे? **2**

उत्तर-

(ख) "बिहू एक कृषि आधारित त्योहार है।" कैसे? **2**

उत्तर-

(ग) ऐसा लगता है कि भारत से जाने के बाद भी एंजेला के मन में असम ही छाया हुआ था। पाठ से इस कथन के समर्थन के लिए कुछ उदाहरण खोजकर लिखिए। **2**

उत्तर-

(घ) समय के बदलने के साथ-साथ सत्रिया नृत्य की परम्परा में क्या बदलाव आया है? **2**

उत्तर-

egyanarchive